दिनांक : 05.09.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

शिक्षक दिवस

आज शिक्षक दिवस है। यह दिन शिक्षाविद् और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में विज्ञान भवन में शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये। यह प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कार उन उत्कृष्ट शिक्षकों को दिया जाता है जिन्होंने अपने समर्पण और प्रतिबद्धता से शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाया है और विद्यार्थियों के जीवन पर उसका गहरा असर पड़ा है। इस मौके पर राष्ट्रपति ने कहा कि विकास में महिलाओं को अग्रणी भूमिका देने का सबसे प्रभावी उपाय यह है कि बेटियों को सर्वोत्तम शिक्षा दी जाए। उन्होंने कहा कि बालिका की शिक्षा– परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में एक अमूल्य योगदान है।

शिक्षक दिवस–राज्य

राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिक्षक दिवस पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में श्रेष्ठ कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों को चतुर्थ कार्यमान वेतनमान प्रदान किया जाएगा। इस निर्णय से प्रदेशभर के लगभग 1 लाख 50 हजार शिक्षक लाभान्वित होंगे।

इस दौरान उन्होंने पहली से 8वीं कक्षा तक के 55 लाख विद्यार्थियों को शाला गणवेश के लिए 330 करोड़ रुपये का भी अंतरण किया। राज्य के जबलपुर,नर्मदापुरम सहित अन्य जिलों से भी शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किये जाने के समाचार मिले हैं।

मुख्यमंत्री पन्ना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज पन्ना जिले के अमानगंज में आयोजित कार्यक्रम में 106 करोड़ 15 लाख रुपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री यहां 23 करोड़ 73 लाख रुपये के 9 विकास कार्यों का लोकार्पण और 82 करोड़ 42 लाख रुपये के 16 विकास कार्यों का भूमि–पूजन करेंगे।

ईद मिलाद उन नबी

प्रदेश में भी आज ईद मिलाद–उन–नबी का त्यौहार अकीदत के साथ मनाया जा रहा है। इस पर्व को पैगंबर हजरत मुहम्मद के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है, जो इस्लाम के महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। इस दिन मुस्लिम समुदाय आखिरी पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के जीवन, शिक्षाओं और मानवता के प्रति उनके योगदान को याद करते हैं। राजधानी भोपाल में पर्व के मौके पर मस्जिदों में तकरीरों का आयोजन किया गया है। शहर में दो जुलूस भी निकाले जाएंगे। जबलपुर में मुख्य नमाज रानीताल ईदगाह में अता की गई। इस अवसर पर सभी ने एक– दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी और अमन चैन की कामना की। नर्मदापुरम में ईद–ए–मिलाद–उन–नबी के अवसर पर जुलूस निकाले जा रहे हैं।

मौसम

प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 18 जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। आज रतलाम, झाबुआ और अलीराजपुर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। वहीं, नीमच, मंदसौर, इंदौर, उज्जैन, धार, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, देवास, राजगढ़, गुना, बैतूल, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में भारी बारिश का यलो अलर्ट है। अगले 2 दिन तक प्रदेश में तेज बारिश का दौर जारी रहने की संभावना जताई गई है।

समाचार संक्षेप में :–

- जबलपुर जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 में फसल के पंजीयन के लिए एक नया जिला–स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।